## 13 घंटे बाद मिला केवई नदी में डूबे किशोर का शव

### आधी रात तक चला रेस्क्यू अभियान, सुबह पानी में उतराता मिला शव

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत केवई नदी में शनिवार शाम नहाने गए 15 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। करीब 13 घंटे तक चले तलाश अभियान के बाद रविवार सुबह 6.10 बजे किशोर का शव घटनास्थल के समीप पानी में उतराता मिला। परिजनों ने शव को बाहर निकाला। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान समाप्त कर जिला मुख्यालय वापसी की।



मृतक की पहचान वार्ड नंबर 6, कोतमा निवासी 15 वर्षीय अभिषेक पाटस्कर, पिता माधव पाटस्कर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अभिषेक शनिवार शाम अपने दोस्तों के साथ लहसुई गांव की ओर गया था। केवई नदी पर बने रपटे को पार करने के बाद करीब 100 से 150 मीटर दूर स्टॉप डैम के समीप कुंडनुमा गहरे स्थान पर सभी नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान अभिषेक गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

बताया गया कि अभिषेक को तैरना नहीं आता था। उसे डूबता देखकर साथ मौजूद दोस्त घबरा गए और घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने कोतमा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की, लेकिन अंधेरा तथा नदी की अधिक गहराई के कारण सफलता नहीं मिली।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला मुख्यालय अनूपपुर को सूचना दी गई। पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट किया गया। प्लाटून कमांडर एवं टीम प्रभारी राम नरेश भवेदी के नेतृत्व में एसडीईआरएफ की टीम आवश्यक उपकरणों के साथ करीब 60 किलोमीटर दूर घटनास्थल के लिए रवाना हुई। टीम में राम नरेश भवेदी, अनुज कुमार, मुन्ना लाल रविदास, बालेन्द्र कुमार, बृजभान सिंह और शिवप्रताप सिंह शामिल रहे।एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने शनिवार रात करीब 12.30 बजे तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया।

टॉर्च और सर्च लाइट की मदद से नदी के विभिन्न हिस्सों में तलाश की गई, लेकिन रात में किशोर का पता नहीं चल सका। रविवार सुबह करीब 6.10 बजे परिजनों को नदी किनारे पानी में शव उतराता दिखाई दिया। शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा भेज दिया।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 से 10 अक्टूबर तक चलेगा मतदाता जागरुकता अभियान

**अनूपपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक जिले के मतदान केंद्रों पर विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पात्र नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस संबंध में अपर कलेक्टर बलबीर रमन ने जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

## 50 हजार रुपए के गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु।** गांजा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अनूपपुर कोतवाली पुलिस ने 19-20 सितंबर की दरमियानी रात दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5.60 किलो गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक जब्त की है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 30 हजार 600 रुपये बताई गई है।



### उड़ीसा से गांजा लाकर राजेंद्रग्राम में बेचने की थी तैयारी

पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक क्रमांक एमपी 65 जेडए 9670 से बैग में गांजा लेकर अनूपपुर से राजेंद्रग्राम की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने राजेंद्रग्राम-अनूपपुर मार्ग स्थित कोयलारी तिराहे के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध बाइक को रोककर उसमें सवार दोनों युवकों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान 33 वर्षीय दिनेश कुमार बंजारा निवासी नौगवां, थाना राजेंद्रग्राम और 32 वर्षीय सुनील उर्फ मज्जू यादव निवासी पंचवटी मोहल्ला थाना बुढ़ार के रूप में हुई। बाइक पर रखे बैग की तलाशी लेने पर पांच पैकेटों में कुल 5.60 किलो गांजा बरामद हुआ।पुलिस के मुताबिक बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 50 हजार 600 रुपये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20बी के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

उड़ीसा से गांजा लाकर राजेंद्रग्राम में बेचने की थी तैयारीथाना प्रभारी संजय अशोक एक्का ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने उड़ीसा से गांजा लाकर अनूपपुर आने की जानकारी दी है। दोनों आरोपी रेलवे स्टेशन की ओर से बाइक से गांजा लेकर राजेंद्रग्राम की तरफ जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, राजेंद्रग्राम में गांजा बेचने की तैयारी थी, लेकिन इससे पहले ही कोयलारी तिराहे पर पुलिस की नाकाबंदी में दोनों पकड़े गए।

## सार-समाचार



### कसौधन समाज ने धूमधाम से मनाया महर्षि कश्यप ऋषि का प्रकटोत्सव

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कसौधन समाज अनूपपुर द्वारा 19 सितंबर को आस्था होटल में महर्षि कश्यप ऋषि जी का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों एवं महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम समाज के संरक्षक जनार्दन गुप्ता एवं चंद्रशेखर गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामकरण गुप्ता, प्रदेश महामंत्री ज्ञानचंद गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता तथा राष्ट्रीय आजीवन सदस्य जगदीश गुप्ता के सान्निध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के जिलाध्यक्ष सुशील गुप्ता, महामंत्री अशोक गुप्ता, नगर इकाई अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं विश्वनाथ गुप्ता सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से ज्ञानवती गुप्ता, तुलसा गुप्ता, अंजना गुप्ता, सुधा गुप्ता एवं प्रेमलता गुप्ता सहित अनेक महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकजुटता, सामाजिक सहभागिता एवं महर्षि कश्यप ऋषि के आदर्शों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में जनार्दन गुप्ता द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

### खरीफ उपार्जन के लिए जिले में 23 पंजीयन केंद्र निर्धारित

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया जिले में 15 सितंबर से शुरू हो गई है। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में 23 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। निर्धारित पंजीयन केंद्रों में आ.जा. सेवा सहकारी समिति अमलाई (पयारी), पसान (भालूमाड़ा), मझगवां (फुनगा), छिल्पा, अनूपपुर, दुलहरा, पटनाकला, जैतहरी, धनगवां, वेंकटनगर, कोतमा, देवगवां, आमाडांड, कोठी, बिजुरी, निगवानी, पीडीएस भवन खोड़ी नंबर-1, भलमुड़ी (सेमरा), राजेंद्रग्राम, दमेंहड़ी, भेजरी, बेनीबारी एवं लीलाटोला शामिल हैं। पंजीयन के लिए किसान के आधार नंबर का मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी अथवा बायोमैट्रिक के माध्यम से सत्यापन अनिवार्य होगा। भू-अभिलेख/एग्रीस्टेक एवं आधार में दर्ज नाम का मिलान होने के बाद ही पंजीयन किया जाएगा। नाम में किसी प्रकार की विसंगति होने पर तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा सत्यापन किया जाएगा।

पंजीयन के दौरान किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी देना आवश्यक होगा। भूमि, खसरा, रकबा और बोई गई फसल से संबंधित जानकारी एग्रीस्टेक डाटाबेस से ली जाएगी।

## हर्षोल्लास के साथ हुआ विश्वकर्मा पूजन समारोह

**बिजुरी, देशबन्धु।** बिजुरी नगर स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक समारोह का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। पिछले 40 वर्षों से चली आ रही धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी मंदिर समिति द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया। विश्वकर्मा पूजन समारोह को लेकर पूरे नगर में उत्सव का माहौल रहा। पूजा-अर्चना का विधिवत आयोजन वरिष्ठ पुरोहित एवं शिक्षक लोमस द्विवेदी द्वारा संपन्न कराया गया।



तीन दिवसीय समारोह के दौरान विभिन्न ग्रामों से पहुंची मानस एवं भक्ति संगीत मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। ग्राम कोठी से राकेश सोनी एवं साथियों, ग्राम डोंगरिया छोट से दुर्गा जोगी बजरंग मारुति मानस मंडली तथा ग्राम बेलिया छोट से प्यारेलाल कल्याणी सूर्या संगीत मंडली ने मानस एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा स्थानीय महिला मंडली के सदस्यों ने भी भक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने में श्री विश्वकर्मा धार्मिक सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष केस कुमार विश्वकर्मा, राधा विश्वकर्मा, रामकुमार विश्वकर्मा, भोला शर्मा, एडवोकेट रमेश गुप्ता, एडवोकेट शिव कुमार, विकास पांडेय, हीरालाल प्रजापति, रतन बिहारी सोनी, कांति विश्वकर्मा, कलावती सिंह, धीरज विश्वकर्मा एवं राजू विश्वकर्मा सहित नगर पालिका स्वच्छता समिति के सदस्यों, नगर सुरक्षा समिति तथा स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## टीईटी की अनिवार्यता वापस लेने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

### दिनभर उपवास और धरने के बाद पैदल रैली निकाल कलेक्ट्रेट पहुंचे शिक्षक

**अनूपपुर, देशबन्धु।** टीईटी की अनिवार्यता सहित लंबित पांच सूत्री मांगों को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा शाखा अनूपपुर के बैनर तले जिलेभर के शिक्षकों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने दिनभर उपवास और धरना देने के बाद शाम को सामतपुर स्थित शिव मारुति मंदिर तालाब से पैदल रैली निकाली और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार वेद प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंपा।


ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने वर्तमान में सेवारत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से मुक्त रखने की मांग की। इसके साथ ही अध्यापक शिक्षक संवर्ग की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण का लाभ देने, अव्यावहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था बंद करने, सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने तथा लंबित क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग रखी गई।



इससे पूर्व शिक्षक दोपहर 12 बजे सामतपुर तिराहा स्थित शिव मारुति मंदिर तालाब पर एकत्रित हुए और उपवास कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। इसके बाद शिक्षकों ने धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता से संबंधित व्यवस्था को सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए अनुचित बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। शिक्षा संघ अनूपपुर के जिला अध्यक्ष संजय निगम ने कहा कि लंबे समय से विद्यालयों में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षकों के अनुभव, समर्पण और सेवा योगदान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में लगाए हैं, ऐसे में उनकी वर्षों की सेवा और अध्यापन अनुभव को भी योग्यता का महत्वपूर्ण आधार माना जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि टीईटी की अनिवार्यता सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर शिक्षक संघ द्वारा पूर्व में भी कई बार विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं।

## छात्रों की गूंज में राहुल गांधी से मिले विधायक मार्को

**अनूपपुर, देशबन्धु।** इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक की विभिन्न समस्याओं सहित जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों की शिक्षा, रोजगार के अवसर तथा अमरकंटक के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।



**विश्वविद्यालय की समस्याओं पर चर्चा**-विधायक मार्को ने राहुल गांधी को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक से जुड़े विभिन्न विषयों और समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनजातीय अंचल में स्थित यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी पहल की आवश्यकता है।

मुलाकात के दौरान जनजातीय अंचल के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उनके लिए बेहतर शैक्षणिक एवं रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने का मुद्दा भी उठाया गया। विधायक ने कहा कि विश्वविद्यालय का लाभ स्थानीय सहित आसपास के जनजातीय क्षेत्रों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचे, इसके लिए आवश्यक प्रयास किए जाने चाहिए। विद्यार्थियों की समस्याओं को प्राथमिकता से समझकर उनके समाधान की दिशा में पहल करना आवश्यक है।

**अमरकंटक के विकास का मुद्दा भी उठा**-विधायक मार्को ने अमरकंटक की धार्मिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधी विशेषताओं से भी राहुल गांधी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का उद्गम स्थल होने के कारण अमरकंटक का देश में विशेष धार्मिक महत्व है। इसके साथ ही क्षेत्र प्राकृतिक संपदा और जनजातीय संस्कृति की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अमरकंटक में जनसुविधाओं के विस्तार, पर्यटन विकास तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने राहुल गांधी को मां नर्मदा के उद्गम स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक आने का सादर आमंत्रण भी दिया। उन्होंने अमरकंटक की धार्मिक एवं प्राकृतिक महत्ता की जानकारी देते हुए क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों से उन्हें अवगत कराया। विधायक मार्को ने कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, विद्यार्थियों की शिक्षा और अमरकंटक का विकास सीधे तौर पर क्षेत्र की जनता से जुड़े विषय हैं। वर्तमान में यह जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 21 सितम्बर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दसवीं, नक्षत्र-उ.षा.**

मेष -आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा।

वृषभ -सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है।

मिथुन -आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं। मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी।

कर्क -किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा।

सिंह -साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या -किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें।

तुला -आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा। घर में कलेश का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक -परिजनों के साथ मनदुःख की स्थिति आ सकती है। वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा रहेगी। काम का भार अधिक रहेगा।

धनु -आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

मकर -आज वाणी पर संयम रखें। क्रोध की मात्रा बढ़ जाने से किसी के साथ उग्र चर्चा या विवाद हो सकता है। मन में चिंता रहेगी। आध्यात्मिकता में रुचि लेने से आपका मन शांत रहेगा।

कुंभ -आज का दिन सब तरह से लाभप्रद है। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। उसके फलस्वरूप मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। विवाह योग्य युवाओं को अनुकूल जीवनसाथी मिलने के योग हैं।

मीन -आज का दिन सब प्रकार से आप के लिए लाभदायी है। किसी परोपकार के काम में आप व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में उचित आयोजन से व्यापार वृद्धि कर सकेंगे। अधिकारी आप के काम की प्रशंसा करेंगे।

0,5,6,8,00,58,67,88,84,01,14,12

## अमरकंटक में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित

**अमरकंटक, देशबन्धु ।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली एवं प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र अमरकंटक में शुक्रवार को महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत डेस्टिनेशन स्तरीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला फेडरेशन की सदस्यों को पर्यटन आधारित स्वरोजगार, सूक्ष्म उद्यम विस्तार और क्षमता विकास से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों को बढ़ावा देना तथा पर्यटन स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, समावेशी और अनुकूल वातावरण तैयार करना रहा।



प्रशिक्षण सत्र के दौरान स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग, छोटे व्यवसायों के विस्तार, पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने तथा पर्यटन से जुड़े विभिन्न आर्थिक अवसरों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

महिलाओं को पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय के साधनों को मजबूत करने तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के शहडोल क्लस्टर प्रभारी सुशील पांडेय एवं सहयोगी इंद्रजीत सिंह ने परियोजना के उद्देश्यों और पर्यटन क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं नर्मदांचल महिला पर्यटन सेवा प्रदाता संघ अमरकंटक की अध्यक्ष ममता पारस एवं सचिव आरती यादव ने महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने और पर्यटन गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े विषयों पर पुलिस थाना अमरकंटक के सहायक उप निरीक्षक संजय श्रीवास एवं पुलिस दल के सदस्यों ने आवश्यक जानकारी साझा की। इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सावधानियों और जागरूकता के उपायों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में रवि पटेल, कृष्णा राजावत, शिवानी, अजय सिंग्राम, दिया केवट, आरती मांझी, नीतू सिंह, कविता नागेश, सुप्रिया सेन, नेहा सेन, नम्रता खत्री, अंजलि, कुसुमलता, राधिका धुर्वे एवं रितिका ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि यह कार्यशाला पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, यूएन वूमेन, द डॉटर्स ऑफ इंडिया, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा सहयोगी संस्था इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के सहयोग से संचालित परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गई।